Title : Need to expedite setting up of an All India Institute of Medical Sciences at Patna, Bihar.

(ix) Need to expedite setting up of an All India Institute of Medical Sciences at Patna, Bihar

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : सरकार द्वारा देश में स्थापित होने वाले छः अखिल भरतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में से एक पटना में भी स्थापित होना है। इसका शिलान्यास महामहिम उपराट्रपति जी द्वारा हो चुका है। सरकार ने भी इस वर्ष के वित्तीय प्रावधान में इसके लिए धन मुहैया कराने की बात कही है। राज्य सरकार भी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को 70 एकड़ जमीन हस्तांतरित कर चुकी है। अब भी पटना में एम्स की स्थापना के लिए कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है। बिहार राज्य देश का अत्यंत पिछड़ा प्रदेश है। गरीबी, पिछड़ापन, सड़क, स्वास्थ्य और बिजली की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। अगर यह एम्स पटना में जल्द स्थापित हो जाता है तो वहां के गरीबों के लिए एक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा राज्य में ही मिल जाएगी और मरीजों को लेकर लोगों को देश के कोने-कोने में भटकते रहने से कुछ हद तक राहत मिल सकेगी।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान आकूट करना चाहता हूं कि बिहार की बदहाली को ध्यान में रखते हुए पटना में प्रस्तावित एम्स की स्थापना के लिए अविलम्ब कार्य शुरू करने की स्वीकृति प्रदान करें, जिससे बिहार में भी एक उच्च तकनीकी युक्त एम्स जल्द स्थापित हो।